कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) मध्यप्रदेश

(कक्ष-स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स)

E-mail—pccfwl@mp.gov.in

मध्यप्रदेश शासन वन विभाग के अधिकारी को यूनाइटेड नेशन से मिला अंतराष्ट्रीय अवार्ड

स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स मध्यप्रदेश के प्रभारी, श्री रितेश सरोठिया को वन एवं वन्यजीव अपराध की रोकथाम सम्बन्धी उत्कृष्ट कार्य हेतु अंतराष्ट्रीय अवार्ड "The Asia Environmental Enforcement Recognition of Excellence Award 2024-2025" मिला

प्रेस विज्ञप्ती (**68/25,** दिनांक 18.**10.2025)**

माननीय मुख्यमंत्री जी मध्यप्रदेश के नेतृत्व में प्रदेश के वन विभाग द्वारा वन, वन्यजीव एवं जैवविविधता संरक्षण के क्षेत्र में लगातार नए आयाम तय किये जा रहे है, इसी दिशा में वन विभाग के अंतर्गत गठित स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स मध्यप्रदेश के प्रभारी श्री रितेश सरोठिया (भा.व.से.) उप वन संरक्षक को "The Asia Environmental Enforcement Recognition of Excellence Award 2024-2025" प्रदान किय गया। यह पुरस्कार 17 अक्टूबर 2025 को वर्चुअल समारोह, बैंकाक (थाईलैंड) में दिया गया। यह अवार्ड समारोह UNEP द्वारा आयोजित किया गया ।

उक्त अवार्ड उन व्यक्तियों/ सरकारी संस्थाओ को प्रदान किया जाता हैं जो देश से सीमापार अपराध अन्वेषण में राष्ट्रीय कानूनों के प्रवर्तन में उत्कृष्ट नेतृत्व का प्रदर्शन करते है। जिसमें वन्यजीव और वनस्पतियों की लुप्तप्राय प्रजातियों के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार, खनिजों और रेत का अवैध व्यापार परिवहन, अपशिष्ट रसायनों, कीटनाशक का अवैध व्यापार, ओजोन क्षयकारी पदार्थ और हाइड्रोफ्लोरोकार्बन का अवैध व्यापार के रोकथाम हेतु दिया जाता है। उक्त अवार्ड हेतु चयन अंतराष्ट्रीय स्तर की ज्यूरी जिसमे प्रतिष्ठित संस्थाओ UNEP, INTERPOL, UNODC, World Bank, CITES, UNDP के प्रतिनिधि द्वारा गहन विचार एवं चर्चा उपरांत किया जाता है

इस बार वन्यजीवों के अवैध के व्यापार पर प्रभावी रूप से नियंत्रण हेतु किये गए उत्कृष्टकार्य करने वाले चीन, इंडोनेसिया, सिंगापूर एवं भारत देश की कुल 07 कानून प्रवर्तन संस्था/अधिकारियो को विभिन्न श्रेणी में सम्मानित किया गया है। भारत से श्री रितेश सरोठिया को अंतराष्ट्रीय वन्यजीव संगठित गिरोह जिसका नेटवर्क भारत सहित चीन, नेपाल, भूटान एवं म्यांमार में फैला है, इन गिरोह के विरुद्ध लगातार कार्यवाही कर, कई कानून प्रवर्तन संस्थाओ से समन्वय स्थापित कर लिप्त सरगनाओ को गिरफतार कर प्रकरण की वैज्ञानिक अन्वेषण कर उन्हें सजा दिलाने में किये गए कार्यो हेतु एवं वन/वन्यजीव कानून प्रवर्तन में कार्यरत अन्य समस्त हितधारको मुख्यतः न्यायिक अधिकारियो को वन एवं वन्यजीव कानूनों के प्रति ओर अधिक जागृत करने केअथक प्रयासों हेतु दिया गया है



प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वनबल प्रमुख) एवं प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) मध्यप्रदेश के सतत मार्गदर्शन पर कार्य करते हुये स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स के द्वारा श्री रितेश सरोठिया के नेतृत्व में विगत कुछ वर्षो में वन एवं वन्यजीव अपराधों में लिप्त कई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय गिरोह का पर्दाफाश कर लगभग 1500 से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इन इकाई द्वारा किये गये वन्यप्राणी संरक्षण कार्य की सराहना न केवल प्रदेश, देश बल्कि देश के बाहर भी की गई है। अंतर्राष्ट्रीय पुलिस संगठन (इंटरपोल) द्वारा 04 बार एसटीएसएफ की प्रशंसा की गई है। इसमें पूर्व में भी श्री सरोठिया को तीन बार अंतरष्ट्रीय पुरस्कार, दक्षिण अफ्रीका में CITES Secretary General द्वारा वर्ष 2016 में ''Clark R Bavin International Wildlife Law Enforcement Award'' व नेचर कंसरवेशन संसथान के द्वारा वर्ष 2021 में People of Nature Award प्रदान किया जा चुका है। ऐसा बहुत कम ही हुआ है जहाँ किसी को तीन बार अंतरष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुआ हो।

श्री सरोठिया ने उक्त अवार्ड स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स व उसकी अनिस्थ 04 क्षेत्रिय इकाईयों के समस्त सदस्यों, प्रदेश वन विभाग के समस्त अधिकारियो एवं साथियों को समर्पित किया है। श्री सरोठिया द्वारा देश एवं प्रदेश का गौरव बढाया है, मध्यप्रदेश शासन वन विभाग द्वारा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की जाती है।

प्रधान मुख्य वनसंरक्षक (वन्यजीव)
एवं मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक
मध्यप्रदेश, भोपाल